>

Title: Need to provide a special package for Bundelkhand and other areas of Uttar Pradesh as recommended by Samara Committee.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न सरकार के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि योजना आयोग की सामरा समिति की रिपोर्ट के अनुसार पूर्वांचल और बुंदेलखंड, जो उत्तर प्रदेश का इलाका है, वह बहुत पिछड़ा हुआ है। वहां का समग्र विकास नहीं हो पाया है। इस वक्त वर्षा की कमी और अनिश्चित मानसून के कारण वहां सूखे की स्थिति है। वहां जितनी भी विकास की परियोजनाएं हैं, सब बिल्कुल ठप पड़ी हुई हैं। वहां तत्कालीन सरकार ने जो मदद की थी, वह भी अवरुद्ध पड़ी हुई है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र में एक महेवा घाट यमुना नदी पर 35 करोड़ रुपये का पुल है। गंगा नदी में लेहदरी से काला काँकर में भी जो पुल बन रहा है, वह भी रुका हुआ है, जबकि कौशाम्बी प्रतापगढ़ जनपद अपने आप में एक धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल है। वहां पर्यटन की तमाम संभावनाएं हैं। गौतम बुद्ध जी ने वहां रुककर बारह वर्ष अध्ययन किया था। राजा उदयन की राजधानी है। कड़ा शीतला धाम के मंदिर हैं। अलवारा झील है। ये तमाम संभावनाएं हैं जो पर्यटन से संबंधित हैं।

मैं चाहूंगा कि उसके समग्र विकास के लिए भारत सरकार एक केन्द्रीय दल वहां भेजे। वहां पूरे पूर्वांचल और बुंदेलखंड ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : शैलेन्द्र जी, अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री शैलेन्द्र कुमार : बुंदेलखंड के विकास की जो परियोजनाएं लंबित हैं, उन पर अध्ययन दल सर्वे करके अपनी रिपोर्ट सरकार को दे। इसके साथ-साथ समुचित धन और पैकेज देकर वहां का विकास करे।